दिनांक 11.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

नगर पालिक निगम, भिलाई के अधिकारी, कर्मचारियों को ऑनलाईन उपस्थिति के संबंध में कार्यशाला आयोजित की गई।

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के सभी नियमित और प्लेसमेट के अधिकारी, कर्मचारियों के द्वारा ऑनलाईन उपस्थिति निष्ठा ऐप के माध्यम से दर्ज की जा रही है और इसी ऑनलाईन उपस्थिति के माध्यम से सभी का पेरोल के माध्यम से पेमेंट किया जा रहा है। इसी दिशा में अधिकारियों, कर्मचारियों को सेल्फी के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने में आने वाली समस्याओं और पेरोल से संबंधित समस्या के समाधान हेतु निगम भिलाई की निष्ठा नोडल अधिकारी सुश्री दीप्ति साहू प्रोग्रामर डाटा सेंटर के द्वारा निष्ठा के प्रतिनिधि विद्याधर चौधरी के माध्यम से भिलाई के सभागार में कार्यशाला का सफलता पूर्वक सम्पन्न किया गया। कार्यशाला में समस्या का निराकरण और पेरोल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई ताकि सभी अधिकारी, कर्मचारियों अपनी उपस्थिति शत्–प्रतिशत् ऑनलाईन पद्धति से पूर्ण कर सें।

आयोजित कार्यशाला में सभी जोन कार्यालय और मुख्य कार्यालय के विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं प्लेसमेंट कम्प्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी